# Government P.G. College, Israna (Panipat)

## Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

# Annual Report

## Academic Session: 2025–2026

**Sandeep**
**Convener (IQAC)**

**Dr. Hari Om**
**Principal**

**Prepared by:**
**Internal Quality Assurance Cell (IQAC)**
**Government P.G. College, Israna (Panipat)**

Scanned with CamScanner

# Government P.G. College, Israna (Panipat)

## Internal Quality Assurance Cell (IQAC) – Annual Report

## Academic Session: 2025–26

## Introduction:

The **Internal Quality Assurance Cell (IQAC)** of **Government P.G. College, Israna (Panipat)** has been consistently committed to enhancing the overall quality of the institution in alignment with the vision and mission of higher education. During the academic session 2025–26 the college undertook several significant initiatives focusing on academic enrichment, promotion of research, holistic student development, co-curricular and extension activities and active community engagement. All these efforts were carried out in accordance with the objectives of NAAC and the quality benchmarks established for higher education.

This Annual Report highlights the key activities, programs and achievements of the college under the guidance of IQAC. With a strong focus on quality sustenance and enhancement, IQAC emphasized continuous improvement of the teaching-learning process, promotion of innovation, fostering a research-oriented culture, organization of student-centric programs, strengthening community outreach and ensuring transparency and efficiency in administrative functioning.

## Admission Process:

During the academic session 2025–26, the admission process was carried out strictly in accordance with the rules and regulations prescribed by the Department of Higher Education, Haryana and Kurukshetra University guidelines. The entire process was conducted through the centralized online admission portal ensuring transparency, merit-based selection, and equal opportunity to all applicants. Special attention was given to facilitate students belonging to rural backgrounds, women, and marginalized sections. Orientation and induction programmes were organized to help the newly admitted students adjust to the academic environment and become familiar with the curricular and co-curricular opportunities available in the college.




Scanned with CamScanner

## Academic, Co-curricular and Cultural Activities:

### ➢ Independence Day Celebration

The college community participated in the celebration of the **79th Independence Day** at New Grain Mandi, Israna on 15/08/2025. Staff and students took part in various activities organized to mark the occasion and expressed their commitment towards national unity and patriotic spirit. The NCC Unit of the college also participated in the parade held during the celebration and was awarded a prize for their excellent performance, which brought honour to the institution.

### History Subject Society Activities

### ➢ Essay Writing Competition

An Essay Writing Competition on the topic **"Ancient Indian Education System"** was organized on 27/08/2025 under the joint aegis of the History Subject Society and IQAC. Students from different streams participated enthusiastically and expressed their ideas about the relevance and uniqueness of the ancient Indian education model. This activity helped in enhancing critical thinking and writing skills among the students.

**निबंध लेखन प्रतियोगिता में राशि प्रथम**

इसराना, 27 अगस्त (बलराज): राजकीय पी.जी. महाविद्यालय, इसराना में प्राचार्य डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में इतिहास विषय समिति तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में आज निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली निर्धारित किया गया।



राजकीय पी.जी. महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थी व स्टाफ।

कार्यक्रम का संचालन इतिहास विषय समिति एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयोजक संदीप ने किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक एवं परास्नातक स्तर के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने निबंधों में प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली के स्वरूप, विशेषताओं, गुरुकुल परंपरा, शिक्षा के आदर्श तथा उनके आधुनिक संदर्भों पर विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में चिंतन-मनन, लेखन कौशल तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति के प्रति जागरूकता का विकास करना रहा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिओम ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं थी, बल्कि वह नैतिकता अनुशासन एवं जीवन मूल्यों की पाठशाला भी थी। निर्णायक मंडल की भूमिका सुनील कुमार, सुषमा एवं पूजा जागलान ने निभाई। प्रतियोगिता में राशि, अंजली एवं खुशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**पंजाब केसरी (28/08/2025)**

**निबंध में शशि प्रथम और अंजली द्वितीय**

इसराना। राजकीय महाविद्यालय इसराना में मंगलवार को इतिहास विषय समिति तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राशि प्रथम, अंजली द्वितीय एवं खुशी तृतीय रहीं। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। संचालन इतिहास विषय समिति एवं आईक्यूएसी के संयोजक संदीप ने किया। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में चिंतन-मनन, लेखन कौशल के प्रति जागरूकता का विकास करना रहा है। संवाद

**Essay Writing Competition (28/08/2025)**



**Essay Writing Competition (27/08/2025)**

### ➢ Quiz Competition

A Quiz Competition on the theme "Bhartiya Gyan Parampara" was organized by the History Subject Society in collaboration with the Youth Welfare & Cultural Affairs Committee on 30 September 2025 under the Talent Search Competition at Govt. PG College, Israna.




Scanned with CamScanner

- **Sarasvati Mahotsav Celebration (16 January 2026)**

On 16th January 2026, a Quiz and Speech Competition on the Saraswati River was successfully organized under Saraswati Mahotsav–2026 by the History Subject Committee in collaboration with the NSS Unit, under the guidance of the Principal. The programme aimed to create awareness among students about the historical, cultural, and geographical significance of the Saraswati River. The quiz competition helped in enhancing students' general knowledge, analytical thinking, and competitive spirit, while the speech competition provided a platform to develop communication skills and confidence. Students participated enthusiastically and presented well-researched ideas. The event promoted experiential learning and interdisciplinary understanding. Faculty members actively supported the academic planning and execution of the programme. Overall, the activity contributed significantly to academic enrichment and value-based education. The programme aligned well with the institutional goals of holistic student development.

# नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि पूरे परिवार और समाज के पतन का बनता है कारण : डॉ. हरिओम

इसराना, 16 जनवरी (बलराज) : यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सरस्वती महोत्सव–2026 के अवसर पर शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम के निर्देशन में इतिहास विषय समिति एवं एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती नदी पर आधारित प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



राजकीय महाविद्यालय इसराना में नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली गई रैली का दृश्य तथा (दाएं) प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

प्राचार्य डॉ. हरिओम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती नदी भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं वैदिक परंपरा की एक महत्वपूर्ण धरोहर रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना, सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## 'नशा मुक्त भारत समिति' के तत्वावधान निकाली जागरूकता रैली

**महाविद्यालय** में 'नशा मुक्त भारत समिति' के तत्वावधान में विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिओम ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज के पतन का कारण बनता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों और देश के विकास में लगाएं।

नशा मुक्त भारत समिति के प्रभारी प्रो. दलबीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में निकाली गई इस रैली में विद्यार्थियों ने जोश-खरोश के साथ भाग लिया। हाथों में "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" और "नशे को ना, जिंदगी को हां" जैसे स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर विद्यार्थी कॉलेज परिसर से होते हुए आसपास के क्षेत्रों में पहुंचे। रैली के दौरान छात्रों ने नारों के माध्यम से ग्रामीणों और युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, डॉ. सुनील, डॉ. संदीप, डॉ. पूजा जागलान, डॉ. मुकेश चंद्र, डॉ. मुकेश देशवाल और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राशि, कीर्ति, शिखा की टीम प्रथम

**कार्यक्रम** का संचालन संदीप, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। उन्होंने क्विज मास्टर की भूमिका निभाते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया तथा विद्यार्थियों को सरस्वती नदी के इतिहास, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व के विषय में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिसमें प्रथम स्थान राशि, कीर्ति, शिखा की टीम ने, द्वितीय स्थान प्रतीक, नैंसी, कीर्ति की टीम ने तथा तृतीय स्थान आरती, राखी, सपना की टीम ने प्राप्त किया।

## भाषण प्रतियोगिता में शिखा प्रथम, सपना द्वितीय व कीर्ति तृतीय

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक महत्त्व पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा ने, द्वितीय स्थान सपना ने व तृतीय स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका सुषमा, डॉ. मुकेश चन्दर एवं पूजा जागलान द्वारा निभाई गई।

**पंजाब केसरी (17/01/2026)**

Scanned with CamScanner

## कालेज में सरस्वती नदी पर क्विज-भाषण प्रतियोगिता करवाई

**इसराना/वेद वशिष्ठ :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इसराना (पानीपत) में सरस्वती महोत्सव-2026 के अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिओम के निर्देशन में इतिहास विषय समिति एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती नदी पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित हुई। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सरस्वती नदी को भारतीय सभ्यता की महत्वपूर्ण धरोहर बताया और ऐसे आयोजनों से ऐतिहासिक चेतना व प्रतिस्पर्धा भावना विकसित होने की बात कही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन सहायक प्राध्यापक संदीप ने कुशलतापूर्वक किया। प्रथम स्थान राशि, कीर्ति, शिखा की टीम, द्वितीय प्रतीक, नैंसी, कीर्ति की टीम तथा तृतीय आरती, राची, सपना की टीम ने हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में शिखा प्रथम, सपना द्वितीय तथा कीर्ति तृतीय रहीं। निर्णायक मंडल में श्रीमती सुषमा, डॉ. मुकेश चन्दर एवं पीआरओ पूजा जागलान शामिल रहे। एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार ने सभी की सराहना की। इसी दिन 'नशा मुक्त भारत समिति' के तत्वावधान में नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने नशे के दुष्प्रभावों से बचने और ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। प्रो. दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने ÷नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो÷ जैसे स्लोगन के साथ रैली निकाली और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. सुनील, डॉ. संदीप, डॉ. पूजा जागलान, डॉ. मुकेश चंद्र, डॉ. मुकेश देशवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राशि ने मारी बाजी




नशा मुक्ति अभियान को लेकर रैली निकालते प्राध्यापक और विद्यार्थी। संवाद

**इसराना।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को इतिहास विषय समिति व एनएसएस इकाई की ओर से सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हरिओम ने की। सरस्वती नदी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राशि ने पहला स्थान प्राप्त किया है, साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने कहा कि सरस्वती नदी भारतीय सभ्यता, संस्कृति व वैदिक परंपरा की एक महत्वपूर्ण धरोहर रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक व सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना, सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता व प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राशि, कीर्ति व शिखा की टीम प्रथम रही। प्रतीक, नैंसी व कीर्ति की टीम द्वितीय व आरती, राची व सपना की टीम तृतीय रही। संवाद

**अमर उजाला (17/01/2026)**

दैनिक उत्तम हिन्दू स्थापना 1983
पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

## सरस्वती नदी सभ्यता, संस्कृति व वैदिक परंपरा की महत्वपूर्ण धरोहर : डा. हरिओम



उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**समालखा/कौशिक :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में सरस्वती महोत्सव के अवसर पर प्राचार्य डॉ.हरिओम के निर्देशन में इतिहास विषय समिति एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती नदी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.हरिओम ने कहा कि सरस्वती नदी भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं वैदिक परंपरा की एक महत्वपूर्ण धरोहर रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना, सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन संदीप सहायक प्राध्यापक ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम राशि, कीर्ति व शिखा की टीम ने, द्वितीय प्रतीक, नैंसी, कीर्ति की टीम ने तथा तृतीय स्थान आरती, राची व सपना की टीम ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम शिखा, द्वितीय सपना व तृतीय स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका सुषमा, डॉ.मुकेश चन्दर व पूजा जागलान द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार, डॉ.संदीप, डॉ.पूजा जागलान, डॉ.मुकेश चंद्र, डॉ.मुकेश देशवाल आदि मौजूद रहे।







Scanned with CamScanner

## ➢ Talent Show Competition

The Youth Welfare & Cultural Affairs Committee, in collaboration with IQAC, organized a Talent Show Competition on 29–30 September 2025 at Govt. PG College, Israna. Various events such as Dance, Singing, Quiz, Poetical Symposium, Painting, Mimicry, and Speech were conducted. IQAC played a significant role in coordinating activities, guiding participants, and ensuring transparency and quality in evaluation. The event provided an effective platform for students to exhibit their creativity, enhance self-confidence, and foster holistic development.





कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र तथा (दाएं) प्रतियोगिता में आव्वल रहे छात्रों को सम्मानित करता स्टाफ।

### जनरल डांस में तनु, हरियाणवी सोलो डांस में सोनी, कविता पाठ में आंचल व गायन में तनु प्रथम

इसराना, 29 सितम्बर (बलराज) : यहाँ राजकीय महाविद्यालय में आज 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. हरिओम के नेतृत्व में हुआ। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. प्रदीप शर्मा (प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय) द्वारा किया गया। डॉ. राजपाल कौशिक गैस्ट ऑफ़ ऑनर रहे। प्रतिभागियों ने गायन, नृत्य, कविता-पाठ, मीमक्री आदि विधाओं में अपनी दक्षता का परिचय दिया। जनरल डांस में तनु प्रथम, काफी द्वितीय, रजत तृतीय रहे व हरियाणवी सोलो डांस में सोनी प्रथम, प्रिया द्वितीय, सलोनी तृतीय, कविता पाठ में आंचल प्रथम, ख़ुशी द्वितीय, निकिता तृतीय व गायन प्रतियोगिता में तनु प्रथम, सलोनी द्वितीय महक तृतीय रहे।

निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। आई.क्यू.ए.सी. के प्रभारी डॉ. संदीप ने महाविद्यालय की उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के लिए सह-पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व पर बल दिया। डॉ. बलिन्दर गुलिया ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार (प्रभारी सांस्कृतिक मामले) ने इस कार्यक्रम को न केवल प्रतिभा दिखाने बल्कि अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रमुख मंच बताया। मंच संचालन प्रो. पिंकी सिंह के साथ रितु व तनीषा ने किया।

**पंजाब केसरी (30/09/2025)**

दैनिक उत्तम हिन्दू स्थापना 1983
■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

### राजकीय महाविद्यालय इसराना में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क



**इसराना/वेद वशिष्ठ** - राजकीय महाविद्यालय इसराना में आज दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डा. हरि ओम जी के नेतृत्व में हुआ। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई क्षमताओं को मंच प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का विकास करना था। यह जानकारी देते हुए विद्यालय की लोकसंपर्क अधिकारी पूजा जागरण ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. प्रदीप शर्मा ( प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय ) द्वारा किया गया। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए अनिवार्य बताया। डा. राजपाल कौशिक गैस्ट ऑफ ऑनर रहे।प्रतिभागियों ने गायन, नृत्य, कविता-पाठ, मीमक्री आदि विधाओं में अपनी दक्षता का परिचय दिया। आज के दिन जनरल डांस में तनु प्रथम, काफी द्वितीय, रजत तृतीय रहे व हरियाणवी सोलो डांस में सोनी प्रथम, प्रिया द्वितीय, सलोनी तृतीय, कविता पाठ में आंचल प्रथम, खुशी द्वितीय, निकिता तृतीय व गायन-प्रतियोगिता में तनु प्रथम, सलोनी द्वितीय महक तृतीय रहे।निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। आई क्यू ए सी के प्रभारी डॉ. संदीप ने महाविद्यालय की उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के लिए सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के महत्व पर बल दिया। समापन अवसर पर डा. बलिन्दर गुलिया ने परिणाम सुनाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं।

### हरियाणवी एकल नृत्य में सोनी प्रथम



नृत्य प्रस्तुत करते प्रतिभागी। संवाद

इसराना। राजकीय पीजी कॉलेज इसराना में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामान्य नृत्य में तनु प्रथम, काफी द्वितीय व रजत तृतीय रहे। हरियाणवी नृत्य में सोनी प्रथम, प्रिया द्वितीय, सलोनी तृतीय रही। कविता पाठ में आंचल प्रथम, खुशी द्वितीय व निकिता तृतीय और गायन प्रतियोगिता में तनु प्रथम, सलोनी द्वितीय व महक तृतीय रही प्राचार्य डॉ. हरिओम ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी क्षमताओं को मंच प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का विकास करना था। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजपाल कौशिक रहे। आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ. संदीप ने महाविद्यालय की उत्कृष्टता व गुणवत्ता के लिए सह-पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व पर बल दिया। संवाद

**अमर उजाला (30/09/2025)**

### भाषण प्रतियोगिता में गीता प्रथम, स्वेता द्वितीय व पायल तृतीय




प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करता स्टाफ।

इसराना, 30 सितम्बर (बलराज) : यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दूसरे दिन भाषण, पेंटिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. बलिंद्र गुलिया ने किया। सांस्कृतिक मामलों के प्रभारी सुनील कुमार ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परम्परा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

भाषण प्रतियोगिता में गीता प्रथम, स्वेता द्वितीय व पायल तृतीय रही पेंटिंग प्रतियोगिता में उज्जवल प्रथम, कपिल द्वितीय व नितिन तृतीय रहे सांस्कृतिक क्लब एवं इतिहास विषय समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "भारतीय ज्ञान परम्परा" प्रश्नोत्तरी में टीम डी (कीर्ति, राशि, कशिश) ने प्रथम, टीम जी (अंचल, हीना, जावेद) ने द्वितीय तथा टीम एफ (भारती, साक्षी, रवि) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्विज मास्टर की भूमिका प्रो. संदीप ने निभाई सुनील कुमार (प्रभारी सांस्कृतिक मामले) ने इस 2 दिवसीय प्रतिभा-खोज समारोह को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, छात्रों निर्णायक मंडल व समस्त महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद किया।

**पंजाब केसरी (01/10/2025)**

Scanned with CamScanner

### ➢ Haryana Day and National Unity Day Celebration

On the occasion of National Unity Day and Haryana Day, a one-day NSS camp was organized on 31st October 2025 at Government College, Israna under the National Service Scheme (NSS). The theme of the camp was "Haryana Ek, Haryanvi Ek", aimed at promoting the spirit of unity, social harmony and pride in Haryana's rich culture and heritage among the youth. The event was organized under the guidance of the Principal, Dr. Hari Om, whose motivation and support ensured the successful execution of the program. During the camp, Prof. Sandeep Malik delivered a motivational lecture on "Haryana Ek: Haryanvi Ek", highlighting the importance of social harmony and the significant role of youth in nation-building. The program was coordinated and conducted by NSS Programme Officer Sh. Sunil Kumar, who encouraged students to participate actively in various creative and awareness activities.

**हरियाणा एक, हरियाणवी एक विषय पर व्याख्यान देकर स्वयं सेवकों कों जागरूक किया**

**फास्ट मीडिया/विक्रम/शर्मा इसराना**



राजकीय महाविद्यालय इसराना में "राष्ट्रीय एकता दिवस व हरियाणा दिवस के अवसर पर किया गया एक दिवसीय एन एन एस कैंप का आयोजन किया गया । राजकीय महाविद्यालय इसराना में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका थीम "हरियाणा एकःहरियाणवी एक व राष्ट्रीय एकता दिवस " रहा । इस शिविर का मुख्य उद्देश्य देश की एकता और अखंडता व हरियाणा गौरव की ओर युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था।प्रातः कालीन सत्र में प्राचार्य डॉ हरि ओम द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता के महत्व और इसके प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारयों के बारे में जागरूक किया गया ।शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने किया। एन एस एस प्रभारी सुनील कुमार ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण की विभिन्न समस्याओं के बारेमें भी चेताया। उन्होंने प्रत्येक एन एस एस स्वयंसेवक को राष्ट्र निर्माण की कड़ी बताया। इस अवसर पर प्रोफेसर संदीप ने "हरियाणा एकःहरियाणवी एक" विषय पर व्याख्यान देकर स्वयं सेवकों कों जागरूक किया। आज शिविर में स्वयंसेवकों को माय भारत पोर्टल की भी पूरी जानकारी दी गई. दोपहर बाद शिविर में "राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. उसके बाद कॉलेज कैंपस कों स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इसके आलावा आज कॉलेज में इम्पोर्टेन्ट डे सेलिब्रेशन कमेटी द्वारा हरियाणा दिवस के उपलक्ष में निबंध लेखन, स्लोगन राइटिंग, पेंटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. आज महाविद्यालय में मेंटर–मेंटी बैठक एवं अभिभावक–शिक्षक बैठक (PTM) का भी आयोजन मेंटरिंग एवं काउंसलिंग सेल द्वारा किया गया। इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान करना था।बैठक के दौरान मेंटर्स ने विद्यार्थियों को मध्यावधि परीक्षाओं के महत्व एवं उनकी अंतिम परिणाम में भूमिका के बारे में अवगत कराया। साथ ही सेमेस्टर तिथि पत्र पर चर्चा की गई तथा परीक्षा तैयारी, समय प्रबंधन और तनाव नियंत्रण संबंधी सुझाव दिए गए।

The Day Celebration Committee also organized essay writing, slogan writing, and poster-making competitions to inspire creativity and deepen students' understanding of Haryana's cultural identity and collective pride. The event concluded successfully with enthusiastic participation from students and volunteers, fostering a strong sense of unity, discipline and regional pride.




**Haryana Day Celebration (31/10/2025)**




**Haryana Day Celebration (31/10/2025)**

Scanned with CamScanner

### ➢ World Statistics Day Celebration

On 16th October 2025, a special lecture was organized to celebrate World Statistics Day. The event aimed to create awareness among students and faculty members about the significance of accurate, reliable and timely statistical data in the socio-economic development and informed policy-making of the nation. The celebration highlighted the essential role of statistics in promoting sustainable growth and quality improvement in various sectors.

The Internal Quality Assurance Cell (IQAC) played a pivotal role in promoting this event with the objective of enhancing students analytical and critical thinking skills. Through such initiatives, IQAC encourages students to understand the practical importance of statistics in everyday life and decision-making processes. The program reflected IQAC's commitment to fostering a data-informed academic environment and preparing students to meet future challenges with knowledge and confidence.

**राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए सटीक और समय पर सांख्यिकीय जानकारी अनिवार्य : डॉ हरिओम**



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

इसराना, 16 अक्तूबर (बलराज) : यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के बीच सामाजिक-आर्थिक विकास में विश्वसनीय सांख्यिकीय डेटा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। सांख्यिकी विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरिओम, प्राध्यापकगण डॉ. मुकेश देसवाल, संदीप, दलबीर, डॉ. अमित और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डॉ. अमित ने सांख्यिकी के महत्व, सरकारी नीतियों के निर्माण में इसके उपयोग और हमारे दैनिक जीवन पर इसके प्रभाव जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने भी सांख्यिकी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने सांख्यिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए सटीक और समय पर सांख्यिकीय जानकारी अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को सांख्यिकी के अध्ययन को गंभीरता से लेने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### ➢ "Swaranjali" Cultural Mandatory Programme

The Cultural Activities Committee organized the "Swaranjali" Cultural Mandatory Programme on 16th to 17th February 2026 to provide students with a platform to exhibit their artistic and cultural talents. Students enthusiastically participated in various literary, music, dance and fine arts competitions, reflecting creativity and cultural richness. The programme encouraged teamwork, confidence and appreciation of Indian cultural traditions. It also served as an opportunity to identify talented students for participation in higher-level cultural events.

**दैनिक सवेरा टाइम्स**

**राजकीय महाविद्यालय में स्वरांजलि सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ**



स्वरांजलि सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होते विद्यार्थी।

सवेरा न्यूज/महीपाल जोगी

इसराना, 16 फरवरी : राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजलि का आयोजन किया गया। कार्क्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.हरि ओम ने कहा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। आज के दिन विभिन्न लिटरेरी व फाइनआर्ट प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिनमें प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, पॉट डेकोरेशन, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, सांझी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कृतिक मामलों के प्रभारी सुनील कुमार ने सभी विजेता व प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया।

Scanned with CamScanner

## Sports Activities

### ➢ Zonal Level Kabaddi Tournament

A Zonal Level Kabaddi Tournament was successfully organized on 26th September 2025 at Govt. P.G. College, Israna by the Sports Committee under the guidance of Principal Dr. Hari Om. In the final match, I.B. College defeated Panipat College by 14 points and emerged as the winner. With this victory, I.B. College earned the opportunity to represent Panipat district in the upcoming Inter-College Kabaddi Tournament scheduled at Kurukshetra University on 27–28 September 2025. This event motivated team spirit, discipline, and sportsmanship among students.

**कबड्डी मुकाबले में आईबी ने पाइट कॉलेज को हराया**



प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि व अन्य। संवाद

इसराना। राजकीय कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित जोनल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में आईबी कॉलेज की टीम ने पाइट कॉलेज को 14 अंकों से मात दी।

अब आईबी कॉलेज की टीम 27 और 28 सितंबर को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य धर्मपाल जागलान रहे व प्रतियोगिता की देखरेख प्राचार्य डॉ. हरिओम ने की।

संचालन खेल प्रभारी डॉ. बलिंदर गुलिया ने किया। प्रतियोगिता में पानीपत व करनाल से 6 टीमें शामिल हुई। खेल प्रभारी बलिंद्र गुलिया ने बताया कि विजेता टीम 27-28 सितंबर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। संवाद

**अमर उजाला (27/09/2025)**

**जोनल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता**

**आई.बी. कॉलेज की टीम ने पाइट कॉलेज समालखा की टीम को हराया**



गवर्नमैंट कॉलेज इसराना में कबड्डी टीम के साथ मुख्यातिथि व स्टाफ।

इसराना, 26 सितम्बर (बलराज): गवर्मैंट कॉलेज इसराना में शुक्रवार को हुई जोनल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में आई.बी. कॉलेज पानीपत की टीम ने पाइट कॉलेज समालखा की टीम को 44 के मुकाबले 14 अंकों से हराया।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि भाजपा नेता धर्मपाल जागलान रहे व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हरिओम ने की। संचालन खेल प्रभारी डॉ. बलिंदर गुलिया ने किया। प्रतियोगिता में पानीपत व करनाल से करीब आधा दर्जन टीमें शामिल हुई। खेल प्रभारी बलिंद्र गुलिया ने बताया कि विजेता टीम 27-28 सितम्बर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस अवसर पर डॉ. बलिंदर गुलिया, कुलबीर कादियान, दलबीर सिंह, मुकेश देशवाल, प्रतीक मोर, डा. ममता गुलिया, पूजा जागलान व सुमन मौजूद रहे।

**पंजाब केसरी (27/09/2025)**





**Zonal Level Kabaddi Tournament (26/09/2025)**

Scanned with CamScanner

- **Celebration of the 150th Anniversary of the National Song "Vande Mataram"**



On 7th November 2025, Government P.G. College, Israna organized a programme to commemorate the 150th anniversary of the National Song "Vande Mataram" under the joint eages of the National Service Scheme (NSS) and the Important Day Celebration Committee, in accordance with the directions of the Government of Haryana. The objective of the event was to create awareness among students and the community about the historical, cultural and patriotic significance of the National Song.

The programme commenced with an address by the Principal, Dr. Hari Om who highlighted the importance of national symbols in fostering unity and integrity and emphasized the spirit of placing the nation above all divisions. NSS Programme Officer, Mr. Sunil Kumar conducted the event and elaborated on the origin, historical relevance and role of "Vande Mataram" in India's freedom struggle.

At 9:50 a.m. all staff members and students collectively sang "Vande Mataram" with patriotic zeal. To symbolize national integration and solidarity a human chain was formed on the college premises and tributes were paid to the martyrs of the nation. The event concluded with a message of unity, patriotism and respect for the rich cultural heritage of India.




**Celebration of the 150th Anniversary of the National Song Vande Mataram (07/11/2025)**

Scanned with CamScanner

- **Exhibition of Photographs and Portraits of Great Indian Personalities**

The National Service Scheme (NSS) in collaboration with the Internal Quality Assurance Cell (IQAC) organised a programme to mark the 150th Anniversary of the National Song Vande Mataram. On this occasion an Exhibition of Photographs and Portraits of Great Personalities was set up in the college under the guidance of Principal Dr. Hariom. The aim of the event was to make students aware of the importance of India's national song and to inspire them through the lives of great leaders and freedom fighters. The exhibition featured photographs and student-made portraits of Mahatma Gandhi, Rabindranath Tagore, Swami Vivekananda, Dr. B.R. Ambedkar, Sardar Patel, Jawaharlal Nehru, Lala Lajpat Rai, Bhagat Singh, Rajguru, Sukhdev, Rani Lakshmibai, Subhas Chandra Bose, Maulana Abul Kalam Azad, Shivaji Maharaj, Maharana Pratap and others. Students presented short descriptions of these personalities, highlighting their contributions, values and role in India's freedom struggle and nation-building. The programme helped create a positive learning environment and encouraged students to connect with India's cultural and national heritage. It also supported the objectives of IQAC by promoting value-based learning, creativity and awareness of history among students.







- **Participation in Zonal Youth Festival**

The Cultural Activities Committee facilitated the participation of students in the Zonal Youth Festival held from 13th to 15th October 2025 at SUS Government College, Matak Majri. Students enthusiastically participated in various literary, fine arts and cultural competitions, demonstrating their creativity and talent. The festival provided valuable exposure, encouraged healthy competition and strengthened cultural exchange among participating institutions. The event contributed significantly to the overall personality development and confidence of the participants.

- **Pot Decoration and Poster Making Competition (14th August 2025)**

The Pot Decoration Competition and Poster Making Competition, organized on 14th August 2025, aimed to celebrate the festival of Janmashtami by encouraging creativity, artistic expression, and teamwork among students. The event provided a platform for participants to showcase their talent in pot decoration and poster making, promote cultural awareness and traditional values, enhance creative thinking and presentation skills, and foster healthy competition and active student participation.

Scanned with CamScanner

## ➢ Inter-College Women's Kabaddi Championship



Government Post Graduate College, Israna, organized the Inter-College Women's Kabaddi Championship under the aegis of Kurukshetra University, Kurukshetra. Five colleges participated with great enthusiasm. Arya Post Graduate College, Panipat secured the first position, while Ch. Devi Lal Memorial Girls College in Sewah, Panipat secured the second position. The championship promoted team spirit, leadership, discipline, and physical fitness among students. It provided a strong platform for women's empowerment, enhancing confidence and participation in sports. The event also fostered inter-collegiate collaboration and supported the IQAC's goals of women's empowerment, holistic student development, and quality enhancement in higher education.



दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 16-10-2025

**कबड्डी चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की टीम प्रथम**

इसराना | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया। इसमें पांच महाविद्यालयों की महिला कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त, चौधरी ताऊ देवीलाल महाविद्यालय सिवाह की टीम उपविजेता रही।



**कबड्डी में आर्य पीजी कॉलेज जीता**

**राजकीय महाविद्यालय सिवाह की टीम ने हासिल किया द्वितीय स्थान**

संवाद न्यूज एजेंसी

इसराना। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज विजेता बना है। जबकि उप विजेता चौ. देवीलाल कन्या कॉलेज सिवाह की टीम रही।

कॉलेज में बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से अंतर-महाविद्यालय महिला कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। थाना पुलिस इसराना के प्रभारी महिपाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि ये नेतृत्व और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिओम ने प्रतिभागी टीमों का स्वागत किया और महिला शिक्षा तथा खेलों में उनकी भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि व कोच। संवाद

उन्होंने कहा कि लड़कियां आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चौधरी देवीलाल महाविद्यालय सिवाह गांव की टीम द्वितीय रही। विजेता टीम और द्वितीय टीम को जल्द कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अगले चरण की प्रतियोगिताओं के लिए चुना जाएगा। मौके पर जितेंद्र बरवाल, रेनू शर्मा, सारिका, डॉ. रजनी, जोगिंद्र नंबरदार व अनूप गुलिया मौजूद रहे।

**अमर उजाला (16/10/2025)**



**कबड्डी चैम्पियनशिप में महाविद्यालय पानीपत की टीम ने प्रदर्शन करते हुए प्राप्त किया प्रथम स्थान**

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कबड्डी टीम के साथ मुख्य अतिथि एस.एच.ओ. व अन्य।

इसराना, 15 अक्तूबर (बलराज): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा प्रायोजित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में अंतर-महाविद्यालय कबड्डी महिला चैम्पियनशिप 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। चैम्पियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि इसराना थाना प्रभारी एस.एच.ओ. महिपाल ने किया।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरुआत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं बल्कि ये नेतृत्व और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाते हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 5 महिला कबड्डी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरि ओम ने सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत किया और महिला शिक्षा तथा खेलों में उनकी भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटी खिलाओ-बेटी पढ़ाओ की भावना को खेलों में महिलाओं की भागीदारी से और बल मिलता है।

कड़े मुकाबले के बाद आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चौधरी ताऊ देवीलाल महाविद्यालय सिवाह की टीम उपविजेता रही।

अन्य टीमों ने भी बेहतरीन खेल दिखाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को निष्पक्ष और अनुशासित तरीके से खेलने के लिए प्रेरित किया।

टूर्नामेंट का सफल संचालन लै. डॉ. बलविंदर गुलिया, स्पोर्ट्स इंचार्ज, गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, इसराना की देखरेख में हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, टीमों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह चैम्पियनशिप न केवल खेल प्रतिभा को निखारने का एक साधन बनी बल्कि इसने विभिन्न कॉलेजों के बीच सौहार्द और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया।

विजेता टीम और उपविजेता टीम को जल्द ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अगले चरण की प्रतियोगिताओं के लिए चुना जाएगा। इस उपलक्ष्य पर जितेंद्र बरवाल, रेनू शर्मा, सारिका, डॉ. रजनी, जोगिंदर नंबरदार, अनूप गुलिया और महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

परीक्षा का अवलोकन करते मुख्य अतिथि इसराना एस.एच.ओ. महिपाल सिंह।

**सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा प्रथम रही**

इसराना (बलराज) : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक यातायात हाइवे करनाल के आदेशानुसार पानीपत जिले के सभी कालेजों में किया गया। इसराना महाविद्यालय में यह प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा समिति के प्रभारी दिनेश कुमार द्वारा आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान इसराना के थाना प्रभारी महीपाल सिंह ने भी कालेज का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान रौनक बी.एससी. प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान प्रिया बी.ए. द्वितीय वर्ष ने अर्जित किया।

प्रतियोगिता के बाद प्राचार्य डा. हरिओम ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा उन्हें यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी। सभी विद्यार्थियों को हैल्मेट तथा सीट बैल्ट लगाने की आवश्यकता के बारे में बताया तथा वाहन को गति नियंत्रित करके चलाने को कहा। कार्यक्रम के संचालक दिनेश कुमार ने सभी अध्यापकों और भाग लेने वाले विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

**पंजाब केसरी (16/10/2025)**

Scanned with CamScanner

- **State Level Inter-Collegiate Kabaddi (Men & Women) Championship 2025–26**

A three-day State Level Inter-Collegiate Kabaddi (Men & Women) Championship 2025–26 was successfully and purposefully organized at Government College, Israna from 28/01/2026 to 30/01/2026. In this state-level tournament, kabaddi teams of male and female students from various colleges across Haryana participated with great enthusiasm, discipline and true sportsmanship.

A total of 17 teams took part in the championship, providing students with valuable exposure to a high-level competitive sporting environment. The event was inaugurated by **Shri Harpal Dhandha,** elder brother of the **Hon'ble Education Minister Shri Mahipal Dhandha** and a renowned social worker. In his inaugural address, he emphasized that "sports are not only a means of physical development but also a powerful tool for nurturing self-discipline, leadership qualities, and positive thinking among the youth."

In the competition, the women's team of Government College, Israna displayed excellent sporting skills, discipline and team spirit and secured first position, marking a significant achievement towards women empowerment. In the men's category, the college team performed admirably and achieved second position, bringing laurels to the institution. The men's championship title was won by Arya P.G. College, Panipat.

The valedictory ceremony was graced by the presence of **Shri Krishan Lal Panwar, Hon'ble MLA** of Israna Assembly Constituency and Panchayat Minister, as the Chief Guest. He felicitated the winner, runner-up and third-position teams with cash prizes and trophies. He encouraged players to remain actively involved in sports alongside their academic pursuits.

The winning team was awarded a cash prize of ₹25,000, the runner-up team ₹15,000, and the third-position team ₹10,000, along with trophies.

On this occasion, the Principal of the college, Dr. Hari Om, expressed his satisfaction over the successful organization of the championship. He remarked that "such sports competitions play a vital role in the holistic development of students. Our college gives equal importance to sports and co-curricular activities along with academics." He appreciated the efforts of the players, organizing committee, and all staff members for making the event a grand success.

This championship significantly enhanced students' interest in sports, promoted their physical and mental development and contributed to the strengthening of the college's sporting achievements. In particular, the active participation and outstanding performance of female students fostered self-confidence, leadership skills, decision-making abilities and a sense of equal opportunity, thereby reinforcing the objectives of women empowerment.

Thus, this activity was fully aligned with the objectives of IQAC in terms of quality enhancement, promotion of co-curricular activities, gender equity, women empowerment and the overall development of students.

Scanned with CamScanner

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में तीन दिवसीय अन्तर्राज्यी कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ



**डॉ.राजबीर सिंह, इसराना**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में तीन दिवसीय अन्तर्राज्यी कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढांडा व संत भवन गुरुद्वारा इसराना के सरदार संत राजेन्द्र सिंह खालसा ने दीप प्रज्वलित कर अन्तर्राज्यी कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस दौरान शुभारंभ पर हरपाल ढांडा ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने खेलों के साथ-साथ पढ़ाई का भी ध्यान देना है क्योंकि पढ़ाई जीवन में बहुत जरूरी है, पढ़ा लिखा व्यक्ति ही आगे चलकर कामयाबी हासिल करता है। सभी खिलाड़ी खेल को खेलों की भावना से ही खेलें द्वेष भावना से नहीं।

इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिओम ने सभी आए हुए मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ हमारा बौद्धिक विकास भी होता है। उनको ने कहा कि हमारा महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अग्रणी है प्रदेश भर के कॉलेजों से आए खिलाड़ियों का भी हम स्वागत करते हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से एग्जाम कंट्रोलर डॉ. अंकिश्वर प्रकाश ने कहा कि जो छात्र परीक्षाओं में भी अच्छे परिणाम लाते हैं वही खेलों के क्षेत्र में भी अच्छे परिणाम लाते हैं। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने गांव, देश व प्रदेश का भी नाम रोशन करता है। इस शुभारंभ के अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मपाल जागलान, सरदार दलविंदर खालसा, दयाराम जागलान, कॉलेज स्टॉफ, डॉ. प्रवीन, कुलबीर कादियान, पूजा जागलान व खेल संयोजक डॉ. बलिंदर गुलिया उपस्थित रहे। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम राकेश के साथ मौजूद रही।

पहले दिन के खेलों के परिणाम में राजकीय महाविद्यालय इसराना पुरूष व महिला वर्ग, द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज गुरुग्राम महिला वर्ग, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक पुरुष वर्ग, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत पुरुष वर्ग में विजेता रहे।

**अमर उजाला** Panipat 29-01-2026

# इंटर कॉलेज कबड्डी का आगाज

## प्रतियोगिता में लड़कियों की नौ और लड़कों की आठ टीमें ले रहीं हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

इसराना। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को प्रदेश स्तरीय इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने शिरकत की। प्रतियोगिता में पहुंचने पर प्रधानाचार्य हरिओम व अन्य सदस्यों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से परीक्षा नियंत्रक अंकलेश्वर प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे।



प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य। संवाद

प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान राजकीय महाविद्यालय इसराना के लड़कों की टीम ने मैच जीता। द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज गुरुग्राम की लड़कियों, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक के लड़कों, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत और मेजबान राजकीय महाविद्यालय इसराना की लड़कियों की टीम ने अपने-अपने मैच जीते। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के परीक्षा नियंत्रक अंकलेश्वर प्रसाद ने बताया कि राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में लड़कियों की नौ टीमें व व लड़कों की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इसराना साहिब गुरुद्वारा के गुरुद्वारा के संत राजेंद्र सिंह व दलविंदर सिंह ने भी खिलाड़ियों से परिचय कर उनका हौसला बढ़ाया और खिलाड़ियों के खानपान व रहने का प्रबंध गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने किया। मुख्यातिथि ने अपने निजी कोष से हरियाणा जूनियर नेशनल कबड्डी में सिल्वर मेडल जीतने वाली खिलाड़ी वंशिका को 11 हजार रुपये की राशि सम्मान स्वरूप दी। गुरुद्वारा संत राजेंद्र सिंह ने कॉलेज समिति को 21 हजार रुपये का योगदान दिया। उचाना से पहुंचे समाजसेवी सोमबीर गिल ने 51 हजार रुपये की राशि कॉलेज मैनेजमेंट को दानस्वरूप भेंट की। भाजपा नेता धर्मपाल जागलान, ताऊ देवीलाल मेमोरियल महिला कॉलेज सिवाह की प्राचार्य सुमनलता, हरियाणा लेक्चरर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संजय देशवाल, दयाराम जागलान, जय भगवान, भूपेंद्र जागलान, खेल अधिकारी बलिंदर गुलिया व पीआरओ पूजा जागलान मौजूद रहीं।

# आज लड़कियों का प्रथम सैमीफाइनल कबड्डी मुकाबला गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज इसराना और आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत में होगा

## विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे मंत्री पंवार

इसराना, 29 जनवरी (बलराज) : गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज इसराना में चल रही अंतरराज्यीय महाविद्यालय कबड्डी पुरुष व महिला प्रतियोगिता में वीरवार को सैमीफाइनल मैच के लिए चार टीमें क्वालीफाई कर गई हैं। लड़कियों का प्रथम सैमीफाइनल कबड्डी मुकाबला गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज इसराना और आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत के मध्य होगा। दूसरे मुकाबले में महारानी किशोरी कॉलेज रोहतक व द्रोणाचार्य गुरुग्राम कॉलेज गुड़गांव की लड़कियों के टीमें आमने सामने होंगी। लड़कों में एस.डी. पी.जी. कॉलेज पानीपत, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक, आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत व राजकीय पी.जी. कॉलेज पानीपत की टीम सैमीफाइनल के लिए तैयार है।

पुरुष वर्ग के सैमीफाइनल में पहुंचने के लिए तीन मैच खेले जाएंगे। उसके बाद सैमीफाइनल में फाइनल होगा। उल्लेखनीय है कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 18 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का समापन 30 जनवरी को होगा।

मुख्यातिथि प्रदेश के विकास और पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरिओम, खेल अधिकारी डॉ. बलेंद्र गुलिया, महाविद्यालय की लोक संपर्क अधिकारी पूजा जागलाण, भाजपा नेता धर्मपाल जागलाण, खुशी राम जागलान, देवेन्द्र जागलान, दयाराम जागलान, हरिचंद मलिक मौजूद रहे।



*प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।*

**अमर उजाला** Panipat 30-01-2026

# इसराना और आर्य पीजी कॉलेज के बीच होगा पहला सेमीफाइनल

## राजकीय महाविद्यालय आयोजित हुई अंतरराज्यीय महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता



विजेता टीम के साथ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरिओम व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

city sports

इसराना। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित अंतरराज्यीय महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए पुरुष व महिला वर्ग में टीमों ने क्वालिफाई किया है। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले शुक्रवार को कराए जाएंगे।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन वीरवार को महिला व पुरुष टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल के लिए दोनों वर्गों में चार टीम पहुंचीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम ने बताया कि लड़कियों का प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान राजकीय पीजी कॉलेज इसराना और पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज के मध्य होगा। दूसरा मुकाबला रोहतक के महारानी किशोरी कॉलेज और गुरुग्राम के द्रोणाचार्य गुरुग्राम कॉलेज की टीमों के बीच खेला जाएगा। लड़कों में प्रथम मुकाबला पानीपत के एसडी पीजी कॉलेज व रोहतक की बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, पानीपत के आर्य पीजी कॉलेज और पानीपत के राजकीय पीजी कॉलेज की टीम के बीच सेमीफाइनल होगा।

पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए तीन मैच खेले जाएंगे, उसके बाद सेमीफाइनल में फाइनल होगा। इस अवसर पर खेल अधिकारी डॉ. बलेंद्र गुलिया, महाविद्यालय की लोक संपर्क अधिकारी पूजा जागलाण, भाजपा नेता धर्मपाल जागलाण, खुशी राम जागलान व देवेंद्र जागलान उपस्थित रहे।

**दैनिक भास्कर** पानीपत भास्कर 30-01-2026

**सिटी स्पोर्ट्स**

## कबड्डी : इसराना व पानीपत की टीमें सेमीफाइनल में



इसराना | राजकीय महाविद्यालय इसराना में चल रही तीन दिवसीय स्टेट लेवल इंटर कॉलेजिएट नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के दूसरे दिन आर्य पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल जगदीश गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल स्टेडियम व खेल व्यायामशाला का निर्माण किया है। दूसरे दिन राजकीय कॉलेज इसराना की लड़के व लड़कियों की टीमों ने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। इनके अलावा लड़कों में बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत व एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने भी सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज गुरुग्राम, महारानी किशोरी कॉलेज रोहतक व आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की लड़कियों की टीम ने सेमीफाइनल मे जगह सुनिश्चित की।

Scanned with CamScanner

# कबड्डी चैंपियनशिप में दूसरे दिन हुए मुकाबले रोमांचक

संवाद सहयोगी, जागरण • इसराना : राजकीय महाविद्यालय इसराना में उच्च शिक्षा विभाग के निदेशकों की देखरेख में आयोजित तीन दिवसीय स्टेट लेवल इंटर कालेजिएट नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मुकाबले रोमांचक रहे। इसराना व आर्य कालेज की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। मुख्य अतिथि आर्य पीजी कालेज पानीपत के प्राचार्य जगदीश गुप्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज अनेक खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा के बल पर क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है।

प्रतियोगिता के दौरान घायल खिलाड़ियों को पीएचसी इसराना के फार्मासिस्ट राकेश कुमार, सीएचओ डा. जगदीश नागर व अन्य स्टाफ द्वारा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। अध्यक्षता प्राचार्य डा. हरिओम ने की व संचालन प्रो. बलिंद्र गुलिया ने किया। प्रदेश के व महाविद्यालयों से लड़कों व लड़कियों की कुल 18 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. पूजा जागलान, डा. प्रतीक मोर, सुनील परहाना, डा. कुलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**ये रहे परिणाम:** लड़कों की श्रेणी में राजकीय महाविद्यालय इसराना, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक, आर्य पीजी कालेज पानीपत व एसडी पीजी कालेज पानीपत ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लड़कियों की श्रेणी में द्रोणाचार्य पीजी कालेज गुरुग्राम, राजकीय महाविद्यालय इसराना, महारानी किशोरी कालेज रोहतक व आर्य पीजी कालेज पानीपत की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।



कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान दमखम दिखाते खिलाड़ी • जागरण

## नशा व ट्रैफिक नियमों को लेकर किया जागरूक

प्रतियोगिता के दौरान फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र बलहारा उर्फ पुलिस ताऊ पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों और ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। बलहारा ने कहा कि हरियाणा में नशा तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। वीरेंद्र बलहारा ने बताया कि यदि कहीं अवैध नशा बिकता दिखे तो मोबाइल नंबर 9050891508 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।



सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र बलहारा

---

यकाल मौजूद नहीं पाया गया।

# कबड्डी में इसराना का शानदार प्रदर्शन

• लड़कियों की टीम रही प्रथम, लड़कों ने द्वितीय स्थान हासिल किया

संवाद सहयोगी, जागरण • इसराना : तीन दिवसीय स्टेट लेवल इंटर कालेजिएट नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में राजकीय महाविद्यालय इसराना की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी अपने नाम की, जबकि छात्र वर्ग में कालेज की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इसराना विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार व ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल हरियाणा की मिट्टी में रचे-बसे हैं और प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके चलते छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने का आह्वान किया और बताया कि सरकार पढ़े-लिखे युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डा. हरिओम ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न कालेजों की लड़कों और लड़कियों की टीमों ने भाग लिया। छात्र वर्ग में आर्य पीजी कालेज की टीम ने 30-25 के अंतर से राजकीय महाविद्यालय इसराना को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महाविद्यालय इसराना की टीम द्वितीय तथा बाबा मस्त नाथ विश्वविद्यालय रोहतक की टीम तृतीय स्थान पर रही।

वहीं छात्रा वर्ग में राजकीय महाविद्यालय इसराना की टीम ने महारानी किशोरी कालेज रोहतक को 38-32 से पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। महारानी किशोरी कालेज रोहतक द्वितीय और द्रोणाचार्य पीजी कालेज गुरुग्राम की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार रुपये, द्वितीय को 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 10 हजार रुपये की नकद राशि व ट्राफी प्रदान की गई।



प्रतियोगिता मे प्रतिभा का दिखाती छात्राएं। • जागरण

---

**सिटी स्पोर्ट्स** कॉलेजिएट नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप

# लड़कियों में इसराना व लड़कों में आर्य कॉलेज की टीम विजेता

भास्कर न्यूज | इसराना

राजकीय महाविद्यालय इसराना में चल रही स्टेट लेवल इंटर कॉलेजिएट नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में लड़कियों के मुकाबले में राजकीय कॉलेज इसराना की टीम प्रथम, एमकेजीकेसी रोहतक की टीम द्वितीय व डीसीजी गुरुग्राम व आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं लड़कों के मुकाबलों में आर्य पीजी कालेज पानीपत की टीम ने प्रथम, राजकीय कॉलेज पानीपत की टीम द्वितीय व एसडी कॉलेज की टीम तृतीय स्थान पर रही।

बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पंचायत मंत्री एवं एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पवार ने युवा खिलाड़ियों से नशे व दूसरी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर खेलों में अग्रसर रहने का आह्वान। इस अवसर पर पंचायत मंत्री ने कॉलेज प्रबंधन समिति को सरकार की ओर से ग्यारह लाख रुपए अनुदान की घोषणा की। समारोह में पहुंचे देश के द्रोणाचार्य अवॉर्डी 2012 व पद्मश्री अवॉर्डी 2014 सुनील डबास ने भारत सरकार की खेल नीति को दुनिया में बेहतर बताया। विजेता टीमों को 25000 -25000 हजार रुपए व ट्रॉफी, दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 15000 रुपए और ट्रॉफी वही तीसरा स्थान हासिल करने वाली टीम को दस हजार रुपए नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य हरि ओम दयाराम जागलान, अंग्रेज सिंह जागलान, रणजीत सिंह जागलान, खेल अधिकारी डॉ. बलिंद्र गुलिया, लोक संपर्क अधिकारी पूजा जागलान, डॉक्टर प्रतीक मोर व अन्य स्टाफ सदस्य और टीम मैनेजमेंट के सदस्य मौजूद रहे।



इसराना. विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथि।

---

# गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज इसराना की ब्वायज व गर्ल्स टीम रही विजेता



प्रतियोगिता के पहले मैच को आशीर्वाद देते संत बाबा राजेंद्र सिंह।

इसराना, 28 जनवरी (बलराज) : गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज इसराना में प्रदेश स्तरीय इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि समाजसेवी हरपाल ढांडा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेल के माध्यम से अपने जीवन को आगे बढ़ाएं और पढ़ाई को निरंतर जारी रखें।

खेलों के साथ साथ पढ़ाई करके भी रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के सरकारी कार्य में व्यस्त होने की वजह से समाजसेवी हरपाल ढांडा प्रदेश स्तरीय इंटर कालेज कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत करने के लिए इसराना कालेज पहुंचे थे।

महाविद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य हरिओम व स्टाफ सदस्यों ने हरपाल ढांडा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पहुंचे परीक्षा नियंत्रक अंकलेश्वर प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक अंकलेश्वर प्रसाद ने बातचीत में बताया कि राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में लड़कियों की 9 टीमें व लड़कों की 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इसराना राजकीय कालेज ने प्रदेश भर में शिक्षा के के क्षेत्र व खेलों के क्षेत्र में अच्छा नाम रोशन किया है। इस मौके पर इसराना साहिब गुरुद्वारा के गुरुद्वारा के संत राजेन्द्र सिंह व बाबा दलविंदर सिंह ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका हौसला बढ़ाया और सभी लड़की खिलाड़ियों के खानपान व रहने का प्रबंध गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा किया गया है।

मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने अपने निजी कोष से हरियाणा जूनियर नेशनल कबड्डी में सिल्वर मैडल जीतने वाली खिलाड़ी वंशिका को 11 हजार रुपए की राशि सम्मान स्वरूप दी गुरुद्वारा संत श्री राजेन्द्र सिंह ने कालेज समिति को 21 हजार रुपए का योगदान दिया। समारोह में उझाना से पहुंचे समाजसेवी सोमबीर गिल ने 51 हजार रुपये की राशि कालेज मैनेजमेंट को दान स्वरूप भेंट की।

इस अवसर पर एन.सी. कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेश जागलान, भाजपा नेता धर्मपाल जागलान, सरकारी महिला कॉलेज सिवाह की प्रि. सुमन लता, हरियाणा लैक्चरर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संजय देशवाल, समाजसेवी दयाराम जागलान, जय भगवान, भूपेंद्र जागलान, खेल अधिकारी बलिंदर गुलिया, कालेज पी.आर.ओ. पूजा जागलान, समाजसेवी अंग्रेज सिंह जागलान, रवीन्द्र भुक्कर, जय भगवान जागलान व अन्य कॉलेज के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज इसराना की ब्वायज व गर्ल्स टीम, गुरुग्राम द्रोणाचार्य पी.जी. कॉलेज गर्ल्स, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक ब्वायज, आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत विजेता रही।



गवर्नमैंट कॉलेज इसराना में चल रही प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा का स्वागत करते कॉलेज स्टाफ।



प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

Scanned with CamScanner

# Extension and Outreach Activities:

## IQAC Activities

- **'Har Ghar Tiranga' Awareness Rally**

To celebrate Azadi Ka Amrit Mahotsav, a "Har Ghar Tiranga" awareness rally was organized in collaboration with the NSS Unit and IQAC in village Israna on 14/08/2025. Students participated with great enthusiasm, spreading awareness among the community about hoisting the National Flag with dignity and pride.


दैनिक जागरण पानीपत, 15 अगस्त, 2025 जागरण सिटी

युवाओं को तिरंगे के इतिहास को जानना चाहिए

शहीदी स्मारक पर पुष्प अर्पित कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि की अर्पित

छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के महत्व व स्वतंत्रता दिवस के बारे में जागरूक किया

## One-Day Free Health Check-Up Camp

A One-Day Free Health Check-Up Camp was organized on 25th September, 2025 in the college premises under the joint collaboration of NSS, Women Cell, IQAC, and Cygnus Maharaja Aggrasain Hospital, Panipat.

The camp aimed to spread health awareness, provide free basic medical facilities, sensitize students and staff towards preventive healthcare, and strengthen college–community outreach. A team of specialist doctors conducted health check-ups including blood pressure, sugar, BMI and general health assessment and provided medical advice.

The programme benefitted nearly 100 students, faculty and staff members. The principal appreciated the initiative and extended gratitude to the hospital authorities and organizing team.


# युवा पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी: डॉ. हरिओम

इसराना, 25 सितम्बर (बलराज): आज कॉलेज परिसर में एन. एस. एस, महिला प्रकोष्ठ, आई. क्यू. ए. सी. व सिग्नेस महाराजा अग्रसैन अस्पताल, पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा रक्तचाप, शूगर, बी.एम.आई., नेत्र परीक्षण सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए और लोगों को उचित परामर्श दिया।

प्राचार्य डॉ. हरिओम ने कहा कि आज युवा पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है और इस प्रकार के आयोजन उन्हें स्वस्थ एवं जागरूक बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। एन.एस.एस. प्रभारी सुनील कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने हैल्थ और हाईजीन का ध्यान रखने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों, सभी स्टॉफ सदस्यों शिक्षकों ने भाग लेकर लाभ उठाया। कॉलेज परिवार ने भविष्य में ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

कैंप में विद्यार्थियों की जांच करते डॉक्टर

**पंजाब केसरी (26/09/2025)**




**Health Check-Up Camp (25/09/2025)**




**Health Check-Up Camp (25/09/2025)**

Scanned with CamScanner




**Health Check-Up Camp (25/09/2025)**




**Health Check-Up Camp (25/09/2025)**

- **Road Safety Quiz Competition**



A Road Safety Quiz Competition was organized in the college premises on 15th October 2025 with the support of the Traffic Police, Panipat. The main objective of the event was to spread awareness among students about traffic rules and the importance of road safety in daily life. The competition aimed to inculcate a sense of responsibility among the youth towards safe driving and disciplined road behavior. A total of 170 students from various streams actively participated in the quiz and showcased their knowledge, awareness, and enthusiasm regarding this vital social concern. The event proved to be both informative and inspiring for all participants. It encouraged students to follow traffic rules sincerely and contribute to creating a responsible and safe road culture in society.



*परीक्षा का अवलोकन करते मुख्य अतिथि इसराना एस.एच.ओ. महिपाल सिंह।*

**सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा प्रथम रही**

**इसराना** (बलराज) : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक यातायात हाइवे करनाल के आदेशानुसार पानीपत जिले के सभी कालेजों में किया गया। इसराना महाविद्यालय में यह प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा समिति के प्रभारी दिनेश कुमार द्वारा आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान इसराना के थाना प्रभारी महीपाल सिंह ने भी कालेज का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान रौनक बी.एससी. प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान प्रिया बी.ए. द्वितीय वर्ष ने अर्जित किया।

प्रतियोगिता के बाद प्राचार्य डा. हरिओम ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा उन्हें यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी। सभी विद्यार्थियों को हैल्मेट तथा सीट बैल्ट लगाने की आवश्यकता के बारे में बताया तथा वाहन को गति नियंत्रित करके चलाने को कहा। कार्यक्रम के संचालक दिनेश कुमार ने सभी अध्यापकों और भाग लेने वाले विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

**पंजाब केसरी (16/10/2025)**

## प्रश्नोत्तरी में बीए की पूजा प्रथम

**इसराना।** राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. हरिओम के मागदर्शन में सड़क सुरक्षा समिति के प्रभारी दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता आयोजित कराई।

प्रतियोगिता में 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसराना थाना प्रभारी महीपाल सिंह ने कॉलेज का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद किया।

प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रौनक बीएससी प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान पर प्रिया बीए द्वितीय वर्ष रही। प्राचार्य डॉ. हरिओम मौके पर मौजूद रहे। संवाद

**अमर उजाला (16/10/2025)**

Scanned with CamScanner

## ➢ Seminar and Awareness Campaign on the 350th Supreme Sacrifice Anniversary of Shri Guru Tegh Bahadur Ji

A Seminar and Awareness Campaign was organized on 10th November 2025 at Government P.G. College, Israna under the guidance of Principal Dr. Hari Om, jointly organized by the IQAC, Department of History and Department of Political Science to commemorate the 350th Supreme Sacrifice Anniversary of Shri Guru Tegh Bahadur Ji.

The event commenced with floral tributes offered by the Principal, faculty members and students to the portrait of Guru Tegh Bahadur Ji. Ms. Mamta delivered an inspiring address highlighting the teachings of Shri Guru Tegh Bahadur Ji on courage, supreme sacrifice, religious freedom and universal brotherhood encouraging students to imbibe these values in their personal and social lives. The program aimed to help students understand the importance of Guru Ji's teachings in today's world.

The event inspired students to follow the values of truth, compassion, selflessness and moral courage taught by Guru Tegh Bahadur Ji. It also promoted among them the spirit of religious harmony, cultural respect and social unity encouraging them to contribute to a peaceful and value-based society.



राजकीय कालेज में गुरु तेग बहादुर की जयंती पर हुआ सेमिनार

राजकीय महाविद्यालय इसराना में इतिहास एंव विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ।

संवाद सहयोगी, जागरण • इसराना : राजकीय महाविद्यालय इसराना में इतिहास एवं विज्ञान विभाग के तत्वावधान में सोमवार को गुरु तेग बहादुर की 350वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गुरु तेग बहादुर की प्रतिमा पर स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डा. मुकेश देशवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के कल्याण के लिए था। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे गुरु जी के आदर्शों को जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ममता ने गुरु तेग बहादुर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन संदीप द्वारा किया गया। इस मौके पर संदीप, सुनील ने भी संबोधित किया।

दैनिक जागरण, पानीपत (11/11/2025)
पेज - IV



दैनिक उत्तम हिन्दू स्थापना 1983
■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

बलिदान जयंती पर सेमिनार एवं जागरूकता अभियान

इसराना/वेद वशिष्ठ : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इसराना में प्राचार्य डॉ. हरि ओम के मार्गदर्शन में आईक्यूएसी, इतिहास विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं सर्वोच्च बलिदान जयंती के उपलक्ष्य में एक सेमिनार एवं जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। डॉ. मुकेश देशवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के कल्याण के लिए था। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे गुरु जी के आदर्शों को जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें। इस दौरान मुख्य वक्ता ममता, संदीप, सुनील व अन्य उपस्थित थे।





Scanned with CamScanner

## ➢ Ninth Consecutive Overall Championship in Inter-College Wrestling Tournament

Government Post Graduate College, Israna achieved a historic milestone by winning the Overall Wrestling Trophy for the 9th consecutive year at the Inter-College Wrestling Championship organized by Kurukshetra University, Kurukshetra from 12th to 14th November 2025. The college team secured 10 Gold, 5 Silver and 3 Bronze medals. On the basis of their outstanding performance, several wrestlers have been selected to represent the institution in the All-India Inter-Zonal University Championship.



**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना लगातार अंतर महाविद्यालय कुश्ती मे नौवी बार चैंपियन**

फास्ट मीडिया/इसराना/विक्रम शर्मा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र मे आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता मे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसराना महाविद्यालय के पहलवानो ने 10 गोल्ड, 5 सिल्वर व 3 ब्रांज मैडल हासिल कर लगातार 9वी बार ऑल ओवर कुस्ती ट्राफी पर कब्जा जमा कर इतिहास रचा दिया है। यह प्रतियोगिता 12 नवंबर से 14 नवम्बर तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई थी । इस प्रतियोगिता के विजेता पहलवानो का चयन ऑल इंडिया इन्टर जोनल यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। पहलवानो की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय मे जश्न का माहौल है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के खेल प्रभारी और टीम इनचार्ज Lt. डॉ बलिंन्द्र गुलिया ने बताया की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र मे आयोजित हुई अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता मे कॉलेज के पहलवानो ने इस साल भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार 9th बार ऑल ओवर ट्राफी पर कब्जा जमाया लिया है। फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग मे रोहित ने 57 किलोग्राम भार मे गोल्ड, 61 kg मे कुलदीप ने सिल्वर, अनीस ने 65 किलोग्राम भार मे गोल्ड,70 kg मे निशांत को सिल्वर,74 kg मे खेनित को गोल्ड ,शिव ओम को 86 किलोग्राम भार मे गोल्ड, रोहित माथुर को 125 kg मे सिल्वर व अतुल मलिक ने 97 किलोग्राम भार मे गोल्ड मैडल प्राप्त किया और वहीं ग्रीको रोमन कुश्ती मे सिकंदर ने 55 किलोग्राम भार मे ब्रॉन्ज, रोहित ने 60 किलोग्राम भार मे सिल्वर, 63 kg मे आर्यन मलिक ने गोल्ड, 67 kg मे कपिल, ने गोल्ड 77 kg मे कुनाल ने ब्रॉन्ज 82 kg मे गोल्ड, 87 kg मे शिव ने गोल्ड और रमनदीप ने 130 किलोग्राम मे सिल्वर मेडल प्राप्त किया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरि ओम जी ने विजेता रेसलर को बधाई दी और ऑल इंडिया इन्टर जोनल यूनिवर्सिटी के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया । डॉ बालेन्द्र गुलिया ने इस आयोजन के लिए डॉ डी. एस. राणा स्पोर्ट्स डायरेक्टर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र और रेसलिंग कोच डॉ. रमेश नैन का भी आभार वयक्त किया । विजेता पहलवानो को कालेज के प्रोफेसर संदीप मलिक, ममता गुलिया, डॉ कुलबीर कादियान, डॉ मुकेश देशवाल दलबीर, सुनील कुमार डॉ मुकेश चन्द्र, डॉ पूजा जागलान सुमन और कविता ने भी बधाई दी ।

Notable medalists in Freestyle Wrestling include Rohit (Gold, 57 kg), Anees (Gold, 65 kg), Khenit (Gold, 74 kg), Shiv Om (Gold, 86 kg) and Atul Malik (Gold, 97 kg). In Greco-Roman Wrestling, Aryan Malik (Gold, 63 kg), Kapil (Gold, 67 kg) and Saro Shiv (Gold, 87 kg) were among the champions.

Lt. Dr. Balindra Gulia, Sports Incharge, highlighted that this consistent success reflects the dedication, discipline and hard work of the wrestling team. Principal, Dr. Hari Om, congratulated the winning wrestlers, extended best wishes for their upcoming participation in the All-India Inter-Zonal University Championship and encouraged them to continue their commitment and hard work.

The IQAC recognizes this achievement as a testament to its ongoing efforts in promoting holistic student development, strengthening sports culture and enhancing institutional excellence.



**राजकीय कालेज इसराना ने 9वीं बार जीती कुश्ती चैंपियनशिप**

संवाद सहयोगी, जागरण • इसराना: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर-महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय इसराना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9वीं बार ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम की।

महाविद्यालय के 10 खिलाड़ियों ने पांच रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। महाविद्यालय पहुंचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। प्राचार्य डा. हरी ओम ने बताया कि प्रतियोगिता 12 से 14 नवंबर तक आयोजित हुई, जिसमें चारों जोन की टीमों ने भाग लिया।

कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

**ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम**

फ्री स्टाइल : 57 किलोभार वर्ग में रोहित, 65 किलोभार वर्ग में अनीस, 74 किलोभार वर्ग में खेनित, 86 किलोभार वर्ग में शिव ओम व 97 किलोभार वर्ग में अतुल मलिक ने स्वर्ण पदक जीता।

ग्रीको रोमन कुश्ती : - 63 किलोभार वर्ग में आर्यन मलिक, 67 किलोभार वर्ग में कपिल, 82 किलोभार वर्ग में कपिल व 87 किलोभार वर्ग शिव ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

फ्री स्टाइल : 61 किलोभार वर्ग में कुलदीप, 70 किलोभार वर्ग में निशांत व 125 किलोभार वर्ग में रोहित माथुर ने रजत पदक जीता।

ग्रीको रोमन कुश्ती : 60 किलोभार वर्ग में रोहित व 130 किलोभार वर्ग रमनदीप ने रजत पदक जीता। 55 किलोभार वर्ग में सिकंदर व 77 किलोभार वर्ग में कुनाल ने कांस्य पदक हासिल किया।



**इसराना कॉलेज के पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में रचा इतिहास**

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**इसराना/वेद वशिष्ठ:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में 12 से 14 नवंबर तक आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इसराना के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज़ मैडल जीते और लगातार 9वीं बार ऑल ओवर कुश्ती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. बलिंद्र गुलिया ने बताया कि इस उपलब्धि के साथ विजेता पहलवानों का चयन ऑल इंडिया इंटर जोनल यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप के लिए किया गया है।

Scanned with CamScanner

- **Outstanding Performance of Students of Government P.G. College, Israna in Inter-District Science Exhibition (31/01/2026)**

Students of Government Post Graduate College, Israna delivered an impressive performance in the Inter-District Science Exhibition organized on 31 January 2026 at Pandit Chiranji Lal Government College, Karnal. A total of 57 teams from various colleges participated enthusiastically in this prestigious academic event. The students of Government P.G. College, Israna showcased their scientific aptitude and innovation, thereby bringing laurels to the institution.

In the Physics discipline, the team comprising Palak and Anjali secured the Second Position, demonstrating excellent conceptual clarity and presentation skills. Additionally, Deepak Kumar was awarded the Best Explainer Award in the Geography discipline for his outstanding explanation and subject knowledge. The successful participation and achievements of the students were the result of effective guidance and mentorship provided by Mr. Sandeep Malik, Dr. Mukesh Chander and Ms. Pooja Jaglan.

On this occasion, the principal of the college, Dr. Hari Om, congratulated and encouraged the winning students and extended his best wishes for their bright future. He emphasized that such academic exhibitions play a vital role in fostering scientific temper, innovation, creativity, and a healthy competitive spirit among students. He further expressed confidence that the students of the college would continue to achieve similar academic excellence in the future.

This achievement significantly contributed to the enhancement of the academic profile of the institution and was fully aligned with the objectives of IQAC, promoting quality enhancement, experiential learning, innovation, and overall student development.

दैनिक **उत्तम हिन्दू** स्थापना 1983

■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

## राजकीय पी.जी. महाविद्यालय का इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन में शानदार प्रदर्शन

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क



**इसराना/वेद वशिष्ठ:** राजकीय पी.जी. महाविद्यालय, इसराना के विद्यार्थियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन में शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम को पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय, करनाल में इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 57 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय पी.जी. महाविद्यालय, इसराना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। फिजिक्स विषय में पलक एवं अंजलि की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि दीपक कुमार ने भूगोल विषय में बेस्ट एक्सप्लेनेर का पुरस्कार हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में टीम का मार्गदर्शन श्री संदीप मलिक, डॉ. मुकेश चन्दर एवं मिस पूजा जागलान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम ने विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि महाविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे। गौरतलब है कि इसराना महाविद्यालय प्रदेश में होने वाली विश्वविद्यालय की हर गतिविधियों में हिस्सा लेता है और अच्छा प्रदर्शन करता है।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन में पलक व अंजलि की टीम ने पाया दूसरा स्थान



करनाल में इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

इसराना, 31 जनवरी (बलराज) : पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय, करनाल में इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 57 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्थानीय राजकीय पी.जी. महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। फिजिक्स विषय में पलक एवं अंजलि की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया जबकि दीपक कुमार ने भूगोल विषय में बैस्ट एक्सप्लेनर का पुरस्कार हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में टीम का मार्गदर्शन संदीप मलिक, डॉ. मुकेश चन्द्र एवं मिस पूजा जागलान द्वारा किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम ने विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Scanned with CamScanner

### 7. NSS Day Celebration




The NSS Unit celebrated NSS Day on 24th September 2025 to commemorate the foundation of the National Service Scheme and to recognize the importance of voluntary service. The programme highlighted the role of NSS in promoting social awareness, leadership and community engagement among students. NSS volunteers actively participated in awareness activities and reaffirmed their commitment towards serving society with dedication and compassion. The celebration encouraged students to uphold the motto of NSS, "Not Me But You," through selfless service and active community participation.

- **Literary & Fine Arts Workshop (KUK)**




Kurukshetra University, Kurukshetra, organized a Literary & Fine Arts Workshop from 04th to 06th October 2025. The workshop provided intensive training to students in literary, fine arts and cultural events under the guidance of experienced resource persons. Participants enhanced their artistic, literary and communication skills through practical sessions and expert interactions. The workshop also prepared students for participation in university-level youth festivals and cultural competitions.

- **NSS One-Day Camp on Constitution Day**

The NSS Unit organized a One-Day Camp on 26th November 2025 to commemorate Constitution Day and to create awareness about the values enshrined in the Constitution of India. The programme included a reading of the Preamble, lectures and discussions on the Fundamental Rights and Fundamental Duties of citizens. NSS volunteers actively participated in awareness activities highlighting the importance of constitutional values, democracy and the rule of law. The camp encouraged students to become responsible citizens committed to justice, liberty, equality and fraternity.


दैनिक उत्तम हिन्दू स्थापना 1983

■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

**एक दिवसीय एन एन एस कैंप का आयोजन**

**इसराना/वेद वशिष्ठ**: राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत के संविधान की निर्माण प्रक्रिया, लक्ष्य एवं उपयोगिताओं की ओर युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करना था। महाविद्यालय की लोकसंपर्क अधिकारी पूजा जागलाण ने बताया कि प्रात:कालीन सत्र में प्राचार्य डॉ हरि ओम द्वारा स्वयंसेवकों को संविधान के महत्व और इसके प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारयों के बारे में जागरूक किया गया ।शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने किया। एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार ने संविधान की निर्माण-प्रक्रिया व प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए संविधान दर्शन के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सुषमा व पूजा ने भी संविधान-जागरूकता पर सवयंसेवकों को जागरूक किया।

Scanned with CamScanner

### ➢ "Run for Swadeshi" Rally




The NSS Unit, in collaboration with Swadeshi Jagran Manch, organized the "Run for Swadeshi" Rally on 12th January 2026 to promote the spirit of self-reliance and the use of indigenous products. NSS volunteers enthusiastically participated in the rally and spread awareness about the importance of supporting locally manufactured goods under the vision of Atmanirbhar Bharat. The programme highlighted the economic and social benefits of adopting Swadeshi products and encouraged responsible consumer behavior. The rally concluded with a pledge to contribute towards national development through self-reliance.

### ➢ NSS One-Day Camp on "Unity in Diversity"

The NSS Unit organized a One-Day Camp on 12th February 2026 on the theme "Unity in Diversity" to strengthen the values of national integration, communal harmony and mutual respect. NSS volunteers participated in awareness programmes, group discussions and interactive activities emphasizing India's rich cultural diversity. The camp encouraged students to appreciate different cultures, traditions and languages while promoting the spirit of unity and brotherhood. The programme reinforced the importance of peaceful coexistence and inclusive social development.



**नशा पूरे परिवार और समाज को विनाश की तरफ ले जाता है : डॉ. हरिओम**

इसराना, 12 फरवरी (बलराज): आज यहां राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती के अवसर पर "विविधता में एकता" थीम पर शिविर लगाया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की तरफ युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करना था।

प्रातःकालीन सत्र में प्राचार्य डॉ. हरिओम ने स्वयंसेवकों को महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती के विचारों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र उत्थान में एन.एस.एस. की भूमिका पर विशेष बल दिया व राष्ट्र के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारियों बारे जागरूक किया गया।

शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने किया। एन.एस.एस. प्रभारी सुनील कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न जातियों, धर्मों, क्षेत्रों से ऊपर उठकर स्वयं को भारतीय समझने बारे जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने भाषण के माध्यम से विविधता में एकता विषय अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर एन.एस.एस. यूनिट के साथ समस्त महाविद्यालय स्टॉफ ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर एन. एस. एस. व 'एंटी-ड्रग अवेयरनैस सैल' के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत "नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम" विषय पर आयोजित सैमीनार और जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. हरिओम ने विद्यार्थियों को नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति सुचेत करते हुए कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को विनाश की तरफ ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और समाज में एक जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए दूसरों को भी इस बुराई के खिलाफ जागरूक करें।

इस अवसर पर 'एंटी-ड्रग सैल' के समन्वयक डॉ. दलबीर सिंह, कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मुकेश देशवाल, डॉ. सुषमा, डॉ. पूनम, डॉ. पूजा जागलान व विद्यार्थी मौजूद रहे।

*कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।*

### ➢ NSS Special Seven Days Camp

The NSS Unit organized a Special Seven Days Camp from 06th to 12th March 2026 with the objective of promoting community service, leadership and personality development among volunteers. Throughout the camp, NSS volunteers actively participated in cleanliness drives, awareness rallies, health and sanitation campaigns, tree plantation, community interaction and social awareness programmes. Various expert lectures and extension activities enhanced the volunteers' understanding of social issues and civic responsibilities. The camp successfully developed leadership qualities, teamwork and a strong sense of social commitment among the participants.

Scanned with CamScanner

# यूथ फॉर नेशनल इंटीग्रेशन और सोशल हार्मनी थीम पर सात दिवसीय एनएसएस कैंप का हुआ शुभारम्भ



**डॉ.राजबीर सिंह, इसराना**
**राजकीय महाविद्यालय इसराना** में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर जिसका थीम यूथ फॉर नेशनल इंटीग्रेशन एंड सोशल हार्मनी का शुभारम्भ हुआ।आज प्रातः कालीन सत्र में प्रसिद्ध समाज सेवक व योग शिक्षक डॉ सुरेश सैनी मुख्य अतिथि व वक्ता रहे।

प्राचार्य डॉ हरिओम द्वारा स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताते हुए और देश और समाज के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने किया। एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार ने वालंटियर्स को एनएसएस के महत्त्व व राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक एन एस एस स्वयंसेवक को राष्ट्र - सेवक बताया। उनके द्वारा माय भारत पोर्टल की जानकारी भी साँझा की गई। उन्होंने समाज सेवा सम्बन्धी राष्ट्रीय स्तर पर चलाये गए विभिन्न कार्यक्रमों की भी सम्पूर्ण जानकारी दी। प्रातःकालीन सत्र में आचार्य सुरेश सैनी द्वारा स्वयंसेवकों को योगाभ्यास के साथ -साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव-प्रबंधन के बारे में विस्तार से अवगत कराया।उन्होंने प्रणायाम को हर बीमारी को दूर करने वाली क्रिया बताया। तत्पश्चात "सामाजिक सद्भाव" विषय पर एक इवेंट तैयार किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने सामाजिक सद्भाव बढ़ाने के लिए विभिन्न तरीकों पर अपने विचार रखे। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने किया। श्रीमती कमलेश, सन्नी ने भी वालंटियर्स को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। सांयकालीन सत्र में महाविद्यालय में स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण अभियान के तहत एनएसएस लॉन व्यवस्थित किया गया।

महाविद्यालय कैंपस को प्लास्टिक और पॉलीथिन फ्री बनाने का प्रण लिया।

- **Social Harmony Rally**

The NSS Unit organized a Social Harmony Rally on 11th March 2026 to spread the message of peace, communal harmony and national integration. NSS volunteers actively participated in the rally and sensitized the community about the importance of unity, mutual respect and social responsibility. The programme encouraged citizens to promote equality, brotherhood and peaceful coexistence irrespective of caste, religion or social background. The rally concluded with a collective pledge to uphold the values of harmony, inclusiveness and national unity.

# राजकीय महाविद्यालय इसराना की एन.एस.एस. इकाई द्वारा निकाली सामाजिक सद्भावना रैली

इसराना, 11 मार्च (बलराज) : बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत नियमित योगाभ्यास व परेड सत्र के बाद एन.एस.एस. इकाई द्वारा सामाजिक सद्भावना रैली का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य समाज में भाईचारे, एकता और सद्भावना का संदेश फैलाना तथा लोगों को आपसी प्रेम और सहयोग के महत्व के प्रति जागरूक करना था। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ जिसे प्राचार्य डॉ. हरिओम द्वारा हरी झंडी दिखाई गई।

स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर अनेकता में एकता, नफरत छोड़ो-प्यार जोड़ो, सामाजिक समरसता ही राष्ट्र की शक्ति है जैसे नारे लगाते हुए लोगों को सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश दिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों को बताया कि समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सम्मान बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।




*सामाजिक सद्भावना रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करवाते प्रिं. डॉ. हरिओम।*

कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना है। सायंकालीन सत्र में डॉ. अश्विनी कुमार मुख्य अतिथि व वक्ता रहे। उन्होंने युवा, राष्ट्रीय एकता और संविधान विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया। इसका उद्देश्य युवाओं को भारतीय संविधान के मूल्यों तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण और विकास में युवा शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यदि युवा संविधान के आदर्शों, अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करें तो देश में लोकतंत्र, समानता, न्याय की भावना और अधिक सुदृढ़ हो सकती है। स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवक व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

## Student Support and Welfare:

- **Induction Programme for New Students**



An Induction Programme for newly admitted students was organized on 14/08/2025. Faculty members from different departments interacted with the students and guided them about academic programmes, support services, and co-curricular opportunities available in the college. The programme aimed at ensuring smooth adjustment and holistic development of the new entrants.

- **NSS Orientation Programme**




The NSS Unit organized an Orientation Programme on 15th September 2025 for newly enrolled NSS volunteers. The volunteers were introduced to the objectives, motto and activities of the National Service Scheme and were encouraged to actively participate in community service programmes. The session highlighted the importance of discipline, leadership, teamwork and social responsibility in developing responsible citizens. The programme motivated students to contribute meaningfully towards society through voluntary service.

- **Mentor-Mentee and PTM**




A Mentor-Mentee and Parent-Teacher Meeting (PTM) was organized in the college on 12/09/2025. During the meeting:
Students were guided about regular attendance, discipline, ABC ID and examination forms.
They were motivated to participate in Talent Search and other co-curricular activities.
Academic progress and attendance of students were reviewed. Valuable feedback was received from both students and parents to improve teaching-learning practices and student engagement.

Scanned with CamScanner

➢ **Mentor–Mentee and PTM**




The Mentor–Mentee and Parent–Teacher Meetings were held on 31st October 2025 to guide students and parents before the upcoming semester examinations. Mentors discussed the importance and role of mid-term examinations in the final result outcome, shared semester date sheet details, and provided preparation and stress management tips to students. During the PTM, parents were informed about their wards' performance and attendance, and were advised to support them in maintaining regular study habits and a positive mindset. The meetings helped enhance communication among teachers, students, and parents, and motivated students to prepare confidently for exams.

**PTM held on 14 February 2026:** The meeting discussed the upcoming Cultural Fest, Annual Athletic Meet, student attendance and discipline, infrastructure development, and feedback on sports activities. It strengthened coordination between parents, teachers, and students and encouraged active participation in both academic and co-curricular activities.

## Career Guidance and Placement:

**Placement Cell Activities**

➢ **Participation in Job Fair (Rojgar Mela)**




On 30/08/2025, 65 students of the college participated in the Job Fair/Rojgar Mela organized by Desh Bhagat University at Dr. Mangal Sen Auditorium, Karnal. Faculty accompanied the students and provided them with proper guidance during the event. The activity exposed students to various career opportunities and helped them interact with prospective employers.

➢ **Participation in Job Fair**

On 18/11/2025, under the Placement Cell, students were taken to the Job Fair organized at Pt. Chiranjilal Sharma Government College, Karnal. The objective of this activity was to enhance students' career awareness and introduce them to various employment opportunities. Students were encouraged to interact with recruiters and understand different job prospects.

Scanned with CamScanner

- **Short Training on "Communication and Expression Skill for Interviews"**

A training session on the topic "Communication and Expression Skill for Interviews" was organized jointly by the Internal Quality Assurance Cell (IQAC) and the Placement Cell under the guidance of Principal Dr. Hariom on October 9, 2025.

The session aimed to enhance students' interview techniques, communication abilities, and presentation skills, which are essential for employability and overall personality development.

The resource person and key trainer, Mr. Bijender Singh (HKCL Expert), provided practical training on topics such as interview preparation, body language, group discussion, presentation techniques, and confidence building. The session was highly interactive and received enthusiastic participation from the students, who described it as informative and motivating.

## आज के प्रतिस्पर्धी युग में प्रभावी संप्रेषण, प्रस्तुतिकरण और आत्मविश्वास सफलता की मूलभूत आवश्यकताएं : डॉ. हरिओम

इसराना, 9 अक्तूबर (बलराज): यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं प्लेसमैंट सैल के संयुक्त तत्वावधान तथा प्राचार्य डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लि. (एच.के.सी.एल.) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



राजकीय कॉलेज इसराना व एच.के.सी.एल. के साथ समझौते की कॉपी दिखाते अधिकारी।

समारोह के पश्चात "साक्षात्कार में प्रभावी संवाद और अभिव्यक्ति कौशल" विषय पर आयोजित लघु प्रशिक्षण सत्र में प्राचार्य डॉ. हरिओम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में प्रभावी संप्रेषण, प्रस्तुतिकरण और आत्मविश्वास सफलता की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे इन कौशलों को अपने व्यक्तित्व विकास और करियर निर्माण में अपनाएं। प्रशिक्षण सत्र के मुख्य प्रशिक्षक बिजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार की तैयारी, शारीरिक भाषा, समूह चर्चा, प्रस्तुतीकरण तकनीक और आत्मविश्वास निर्माण जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और सक्रियता से भाग लिया तथा इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम का संचालन ममता संयोजक, प्लेसमैंट सैल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में संदीप ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो निरंतर सीखते हैं, अनुशासन में रहते हैं और स्वयं पर विश्वास रखते हैं।

इसके अतिरिक्त आज ही के दिन महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी कंपीटिशन का आयोजन किया गया जिसमें सोनी ने प्रथम, नैंसी ने द्वितीय तथा निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**पंजाब केसरी (10/10/2025)**

दैनिक उत्तम हिन्दू स्थापना 1983

पंजाब ▪ हरियाणा ▪ हिमाचल ▪ चंडीगढ़ ▪ दिल्ली ▪ उत्तर प्रदेश

### महाविद्यालय ने एचकेसीएल से किया समझौता

**इसराना/वेद वशिष्ठ:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इसराना में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में, प्राचार्य डॉ. हरिओम के नेतृत्व में हरियाणा नॉलेज



कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा, संवाद कौशल, प्रस्तुतीकरण व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। समारोह उपरांत साक्षात्कार में प्रभावी संवाद और अभिव्यक्ति कौशल+ पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। मुख्य प्रशिक्षक श्री बिजेंद्र सिंह ने शारीरिक भाषा, समूह चर्चा, आत्मविश्वास निर्माण आदि पर व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया। डॉ. हरिओम ने छात्रों को संप्रेषण कौशल के महत्व पर बल दिया। संचालन संयोजक ममता ने किया और श्री संदीप ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। इसी दिन महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवाचौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें सोनी प्रथम, नैंसी द्वितीय और निशा तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

Delhi Edition
Oct 10, 2025 Page No. 6
Powered by: erelego.com

